चन्द्र शेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कानपुर

# प्रबन्ध मण्डल की १४५वीं बैठक

# दिनांक १३-०५-२०११ का कार्यवृत्त

# चन्द्र शेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कानपुर।
## प्रबन्ध मण्डल की 145वीं बैठक का कार्यवृत्त।

दिनॉक : 13.05.2011
सभास्थल : प्रसार निदेशालय, स्वामीनाथन अतिथिगृह का समागार।
समय : मध्यान्ह 12:00 बजे

उपस्थिति :—

| | | |
|---|---|---|
| 1. | **डा0 जी0सी0 तिवारी,**<br>कुलपति एवं अध्यक्ष प्रबन्ध मण्डल | अध्यक्ष |
| 2. | **श्री गोपाल दास,**<br>उप कृषि निदेशक (कृ0र0), कानपुर मण्डल | निदेशक कृषि के प्रतिनिधि |
| 3. | **श्री राम गोपाल मौर्य,**<br>संयुक्त सचिव, कृषि शिक्षा | प्रमुख सचिव कृषि शिक्षा के प्रतिनिधि |
| 4. | **डा0 आर0 के0 दीक्षित,**<br>कृषि वैज्ञानिक, जी—649, कैलाश विहार, आवास विकास—1 कल्यानपुर, कानपुर। | सदस्य |
| 5. | **श्रीमती अरूणा तोमर,**<br>सदस्य विधान सभा, 598, सफीपुर, लाल बंगला, रामादेवी चौराहा, कानपुर। | सदस्या |
| 6. | **श्री सुरेश पचौरी (प्रधान),**<br>ग्राम—नौहरिका, पोस्ट—इरादत नगर, जनपद—आगरा। | सदस्य |
| 7. | **श्री हरेन्द्र कुमार त्यागी,**<br>ग्राम—सेवरा, थाना—बरहन, तहसील—एत्मादपुर, जिला—आगरा। | सदस्य |
| 8. | **श्री मनोज राठी,**<br>पलवल रोड, खैर, जनपद—अलीगढ़। | सदस्य |
| 9. | **श्री कमलेश कुमार रावत,**<br>अर्थ नियन्त्रक, सचिव प्रबन्ध मण्डल | सचिव |

सर्वप्रथम कुलपति महोदय एवं अध्यक्ष, प्रबन्ध मण्डल द्वारा मा० सदस्यों का स्वागत किया गया। तदोपरान्त अध्यक्ष महोदय की अनुमति से सचिव, प्रबन्ध मण्डल द्वारा प्रस्तुत एजेण्डा पर प्रबन्ध मण्डल के मा० सदस्यों द्वारा मदवार चर्चा की गयी। प्रस्तुत प्रस्तावों पर मा० प्रबन्ध मण्डल द्वारा प्राप्त निर्णयों का मदवार विवरण निम्नवत् है :

| | | |
|---|---|---|
| मद संख्या 1 | : | **प्रबन्ध मण्डल की दिनॉक 29.01.2011 को सम्पन्न हुई 144वीं बैठक की कार्यवाही का अनुमोदन।**<br><br>मा0 प्रबन्ध मण्डल द्वारा 143वीं बैठक दिनांक 07.12.2010 की कार्यवृत्त का अनुमोदन/पुष्टि कर दी गयी। |
| मद संख्या 2 | : | **चन्द्र शेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कानपुर के प्रबन्ध मण्डल की 144वीं बैठक दिनांक 29.01.2011 में लिये गये निर्णयों पर कृत कार्यवाही।**<br><br>मा0 प्रबन्ध मण्डल द्वारा कृत कार्यवाही पर सन्तोष व्यक्त किया गया।<br><br>मा0 प्रबन्ध मण्डल की 144वीं बैठक के अन्य निर्देश के बिन्दु संख्या–5 में अंकित **"निकट भविष्य में जब भी चयन समिति की बैठक होगी उसमें वह प्राध्यापक बन जायेंगे।"** को समाप्त किये जाने का निर्णय माननीय प्रबन्ध मण्डल द्वारा लिया गया। तद्नुसार उक्त वर्णित वाक्य को समाप्त किया जाता है। |
| मद संख्या 3 | : | **वित्तीय वर्ष 2010–11 में प्राप्त अतिरिक्त अनुदान (आयोजनेत्तर पक्ष) एवं 2011–12 में आयोजनेत्तर पक्ष/आयोजनागत पक्ष में शासन द्वारा प्राविधानित/स्वीकृत धनराशि तथा विश्वविद्यालय प्राप्तियों के व्यय की स्वीकृति/अनुमोदन हेतु प्रस्ताव।**<br><br>मा0 प्रबन्ध मण्डल द्वारा प्रस्ताव अनुमोदित किया गया। |
| मद संख्या 4 | : | **बाबा साहब डा0 भीमराव अम्बेडकर कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौ0 महाविद्यालय, इटावा में संचालित स्ववित्त पोषित योजना के अन्तर्गत 2010–11 का वास्तविक आय–व्यय तथा वित्तीय वर्ष 2011–12 के अनुमानित आय–व्यय को माननीय प्रबन्ध मण्डल के समक्ष विचार एवं स्वीकृत के सम्बन्ध में।**<br><br>मा0 प्रबन्ध मण्डल द्वारा प्रस्ताव अनुमोदित किया गया। |
| मद संख्या 5 | : | **भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली द्वारा बौद्धिक सम्पदा प्रबन्ध तथा तकनीकी हस्तानान्तरण एवं व्यवसायीकरण पर निर्गत नियमावली (Guideline) का विश्वविद्यालय में लागू किये जाने के सम्बन्ध में।**<br><br>मा0 प्रबन्ध मण्डल द्वारा प्रस्ताव अनुमोदित किया गया। |

| | | |
|---|---|---|
| मद संख्या 6 | : | विश्वविद्यालय में कार्यरत कर्मचारियों के उपार्जित/चिकित्सा/अर्ध वेतन अवकाश की स्वीकृति हेतु प्रस्ताव।<br><br>मा0 प्रबन्ध मण्डल द्वारा प्रस्ताव अनुमोदित किया गया। |
| मद संख्या 7 | : | परियोजना समन्वयन इकाई (अलसी) भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली द्वारा वित्त पोषित शोध परियोजना "Identification of heat tolerant linseed genotypes and their physiological characterization" के विश्वविद्यालय में क्रियान्वयन के सम्बन्ध में।<br><br>मा0 प्रबन्ध मण्डल द्वारा प्रस्ताव अनुमोदित किया गया। |
| मद संख्या 8 | : | केन्द्रीय बरानी कृषि अनुसंधान संस्थान, हैदराबाद द्वारा शतप्रतिशत वित्त पोषित परियोजना शीर्षक "National Initiative on Climate Resilient Agriculture" (NICRA) का विश्वविद्यालय में क्रियान्वयन के सम्बन्ध में।<br><br>मा0 प्रबन्ध मण्डल द्वारा प्रस्ताव अनुमोदित किया गया। |
| मद संख्या 9 | : | अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य प्रस्ताव। |
| पूरक 1 | : | कृषि संकाय के स्वीकृत एवं रिक्त शैक्षिक पदों को भरे जाने के लिये अनुमोदन का प्रस्ताव।<br><br>मा0 प्रबन्ध मण्डल द्वारा प्रस्ताव अनुमोदित किया गया। |
| पूरक 2 | : | श्री अरविन्द कुमार, विषय वस्तु विशेषज्ञ (सस्य), के0वी0के0, फर्रूखाबाद का चयन उ0प्र0 भूमि सुधार निगम, लखनऊ में परियोजना प्रबन्धक के पद पर हो जाने के फलस्वरूप कार्यमुक्त किये जाने के दिनॉक 06.04.2011 से 02 वर्ष का धारणाधिकार सुरक्षित रखने हेतु प्रस्ताव।<br><br>मा0 प्रबन्ध मण्डल द्वारा प्रस्ताव अनुमोदित किया गया। |
| पूरक 3 | : | डा0 आर0 के0 कनौजिया, विषय वस्तु विशेषज्ञ (सस्य), के0वी0के0, दरियापुर, रायबरेली का चयन कृषि विविधीकरण परियोजना, लखनऊ में जिला परियोजना समन्वयक के पद पर हो जाने के फलस्वरूप कार्यमुक्त किये जाने के दिनॉक 07.03.2011 अपरान्ह से धारणाधिकार सुरक्षित रखने हेतु प्रस्ताव।<br><br>मा0 प्रबन्ध मण्डल द्वारा, कार्यमुक्त किये जाने के दिनॉक 07.03.2011 से 2 वर्ष के लिए धारणाधिकार सुरक्षित रखने का अनुमोदन प्रदान किया गया। |
| पूरक 4 | : | डा0 भूपेन्द्र कुमार सिंह, विषय वस्तु विशेषज्ञ (फसल सुरक्षा), के0वी0के0, कन्नौज का चयन राजमाता विजय राजे सिन्धिया कृषि विश्वविद्यालय, ग्वालियर में उपनिदेशक, शोध/वरिष्ठ वैज्ञानिक के पद पर हो जाने के फलस्वरूप कार्यमुक्त किये जाने के दिनॉक 07.03.2011 अपरान्ह से 02 वर्ष का धारणाधिकार सुरक्षित रखने हेतु प्रस्ताव।<br><br>मा0 प्रबन्ध मण्डल द्वारा प्रस्ताव अनुमोदित किया गया। |

| | | |
|---|---|---|
| पूरक 5 | : | डा0 राजीव, विषय वस्तु विशेषज्ञ (एग्रोनामी), के0वी0के0, अलीगढ़ का 2 वर्ष का धारणाधिकार दिनॉक 03.06.2011 को पूर्ण होने पर पुनः दिनॉक 29.02.2012 अथवा परियोजना समाप्ति, जो भी पहले हो, तक का धारणाधिकार (लियन) बढ़ाये जाने सम्बन्धी प्रस्ताव।<br><br>मा0 प्रबन्ध मण्डल द्वारा धारणाधिकार 2 वर्ष की समाप्ति की तिथि से पुनः 6 माह के लिए अन्तिम रूप से बढ़ाये जाने का अनुमोदन प्रदान किया गया। |
| पूरक 6 | : | गैर तकनीकी कर्मचारी परिषद, चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कानपुर कर्मचारियों के कल्याण हेतु बनाई गई "शिक्षणेत्तर कर्मचारी वेलफेयर फण्ड नियमावली–2011" के अनुमोदन का प्रस्ताव।<br><br>मा0 प्रबन्ध मण्डल द्वारा निर्णय लिया गया कि प्रस्ताव परीक्षणोंपरान्त आगामी बैठक में प्रस्तुत किया जाय। |
| पूरक 7 | : | डा0 सतेन्द्र कुमार, सह–प्राध्यापक (मृदा विज्ञान), बाबा साहब डा0 भीमराव अम्बेदकर कृषि अभियान्त्रिकी महाविद्यालय, इटावा को दिये गये धारणाधिकार की अवधि समाप्त के उपरान्त कार्यभार ग्रहण न करने पर धारणाधिकार समाप्त करने सम्बन्धी प्रस्ताव।<br><br>मा0 प्रबन्ध मण्डल द्वारा प्रस्ताव अनुमोदित किया गया। |
| पूरक 8 | : | इण्डोफिल रसायन कम्पनी, मुम्बई द्वारा स्वीकृत एवं वित्तपोषित नवीनतम शोध परियोजना "Evaluation of Different fungicides on bio-efficacy and phytotoxicity against major diseases of chilli and tomato (early blight and late blight)" के विश्वविद्यालय में कियान्वयन के सम्बन्ध में।<br><br>मा0 प्रबन्ध मण्डल द्वारा प्रस्ताव अनुमोदित किया गया। |
| पूरक 9 | : | Makhteshim Agan India Pvt. Ltd. Hyderabad द्वारा स्वीकृत एवं वित्तपोषित तदर्थ शोध परियोजना "Studies on the bio-efficacy of some fungicides and biocides against major diseases of chilli " के विश्वविद्यालय मे कियान्वयन के सम्बन्ध में।<br><br>मा0 प्रबन्ध मण्डल द्वारा प्रस्ताव अनुमोदित किया गया। |
| पूरक 10 | : | Makhteshim Agan India Pvt. Ltd. Hyderabad द्वारा स्वीकृत एवं वित्तपोषित तदर्थ शोध परियोजना "Evaluation of different fungicide and bio-efficacy and phytotoxicity against loose smut disease of wheat " के विश्वविद्यालय में कियान्वयन के सम्बन्ध में।<br><br>मा0 प्रबन्ध मण्डल द्वारा प्रस्ताव अनुमोदित किया गया। |
| पूरक 11 | : | चन्द्र शेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कानपुर के उद्यान विज्ञान महाविद्यालय के अन्तर्गत एम0एस–सी0 डिग्री पर विचार।<br><br>मा0 प्रबन्ध मण्डल द्वारा प्रस्ताव अनुमोदित किया गया। |
| पूरक 12 | : | उद्यान विज्ञान महाविद्यालय के अन्तर्गत बी0एस–सी0 एवं एम0एस–सी0 सत्र 2011–12 में प्रवेश पर विचार।<br><br>मा0 प्रबन्ध मण्डल द्वारा प्रस्ताव अनुमोदित किया गया। |

| | | | |
|---|---|---|---|
| अन्य निर्देश | : | 1– | मा0 सदस्य श्री हरेन्द्र त्यागी, श्री मनोज राठी एवं श्री सुरेश पचौरी द्वारा हस्ताक्षरित एक प्रस्ताव जो कृषि अभियान्त्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय, इटावा के 6 लैब टेक्नी0 ग्रेड–। द्वारा हस्ताक्षरित एवं **"कृषि अभियान्त्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय, इटावा के सम्बन्ध में"** विषयक था प्रस्तुत किया गया ( छायाप्रति संलग्न संलग्नक–1)।<br>उक्त के सम्बन्ध में माननीय प्रबन्ध मण्डल द्वारा निर्णय लिया गया कि इस प्रकरण का निस्तारण विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा किया जाय एवं सम्पूर्ण वस्तुस्थिति एवं कृत कार्यवाही से प्रबन्ध मण्डल को आगामी बैठक में अवगत कराया जाय। |
| | | 2– | मा0 सदस्य श्री हरेन्द्र त्यागी द्वारा हस्ताक्षरित पत्र दिनॉक 26.04.2011 जो कृषि अभियान्त्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय, इटावा के श्री सतीश कुमार निगम (प्राविधिक सहायक) का पत्र **"चन्द्र शेखर आजाद कृषि एवं प्रौ0 विश्वविद्यालय, कानपुर में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के आरक्षित कोटा में रिक्त सहायक अभियन्ता के पद पर प्रोन्नति किये जाने के सम्बन्ध में"** विषय से सम्बनिधत था (छायाप्रति संलग्न संलग्नक–2)। माननीय प्रबन्ध मण्डल के समक्ष प्रस्तुत किया गया।<br>उक्त के सम्बन्ध में माननीय प्रबन्ध मण्डल द्वारा निर्णय लिया गया कि इस प्रकरण का निस्तारण विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा किया जाय एवं सम्पूर्ण वस्तुस्थिति एवं कृत कार्यवाही से प्रबन्ध मण्डल को आगामी बैठक में अवगत कराया जाय। |
| | | 3– | विश्वविद्यालय के पत्र संख्या–सीएसयूई–87/फा0नं0–992(i)/2011 दिनॉक 11.05.2011 द्वारा दिनॉक 13.05.2011 को सम्पन्न होने वाली प्रबन्ध मण्डल की 145वीं बैठक में श्री टी0सी0 मिश्रा को अपना पक्ष रखने के लिए उपस्थित होने हेतु लिखा गया। श्री मिश्रा दिनॉक 13.05.2011 को सम्पन्न हुई प्रबन्ध मण्डल की 145वीं बैठक में उपस्थित हुए तथा श्री मिश्रा द्वारा शारीरिक अस्वस्थता बताते हुए अपना पक्ष प्रबन्ध मण्डल की आगामी बैठक में रखने हेतु निवेदन किया गया। |

**अन्त में बैठक मा0 अध्यक्ष एवं सम्मानित सदस्यों को धन्यवाद उपरान्त समाप्त हो गयी।**

अनुमोदित

{डा0 जी0सी0 तिवारी}
कुलपति एवं अध्यक्ष
प्रबन्ध मण्डल

{कमलेश कुमार रावत}
अर्थ नियन्त्रक एवं सचिव
प्रबन्ध मण्डल